# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, शुक्रवार 05 सितंबर 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 149 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


### बदहाली: जान हथेली पर लेकर खूंटी-सिमडेगा रोड पर यात्रा कर रहे लोग

## बारिश के चलते सड़क गड्ढों में तब्दिल हुई, सरकार का ध्यान नहीं

शुभम संदेश। खूंटी

राजधानी रांची को खूंटी, गुमला और, सिमडेगा जिले के अलावा ओड़िशा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सबसे प्रमुख खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा सड़क पर छोटे या बड़े वाहनों में गुजरना इन दिनों जान हथेली पर लेकर चलने के बराबर हो गया है. गत जून को हुई भारी बारिश के कारण पेलौल गांव के पास बनई नदी पर बना पुल टूट गया. इसके कारण वाहनों का आवागमन कुंजला से जुरदाग, गम्हरिया अंगराबारी होकर अथवा मार्टिन मंगला, इट्टे गनालोया होकर हो रहा है. कुछ वाहन कर्रा से तोरपा वाली सड़क पर गुजरते हैं. ग्रामीण सड़कों पर वाहनों के भारी दबाव के कारण लगभग सभी सड़कें पूरी तरह जर्जर हो गई हैं. इसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं.



अधिकतर भारी वाहनों का आवागमन जुरदाग हो कर हो रहा है.

**टूट गयी हैं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें :** लगातार भारी वाहनों का परिचालन होने से अब ये वैकल्पिक सड़कें भी टूटने लगी हैं. जगह-जगह गड्ढ़े बन गए हैं और फ्लैंक पूरी तरह खत्म हो चुके हैं. फ्लैंक की जगह दोनों ओर बने गड्ढ़ों की वजह से वाहन चालक सड़क से नीचे वाहन उतारने से भी बच रहे हैं, क्योंकि गाड़ियों के फंसने का डर बना रहता है. अंगराबारी-तुपुदाना पथ पर बेड़ा पुल के पास मिट्टी का काफी कटाव हो गया है. इसके कारण सड़क खतरनाक हो गई है. कभी भी वहां कोई हादसा हो सकता है. कुछ वर्षों पूर्व माहिल-गानालोया के बीच बनई नदी पर बना पुल दब चुका था, जिसकी मरम्मत कराई गई थी. अब इस पुल से होकर कई भारी वाहनों के गुजरने और पुल के नीचे से बालू के अवैध उत्खनन से इस पुल पर भी टूटने का खतरा मंडरा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि पुल टूटने के बाद से लगातार समस्या बढ़ती जा रही है. अब कई ग्रामीण सड़कें भी टूट चुकी हैं और दिन-ब-दिन इनकी स्थिति और बिगड़ रही है.

**तीन महीने में भी नहीं बना डायवर्सन**

बनई जैसे महत्वपूर्ण पुल के टूटे तीन महीने हो चुके हैं, पर अब न तो डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू हो सका है और न ही पुल निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल की जा रही है. यह अलग बात है कि लगभग एक माह पहले ही डायवर्सन निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ 80 लाख रुपये की निविदा निकाली गई थी. खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने भी कहा था कि निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. बताया जाता है कि बारिश कम होने के तुरंत बाद डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा.

**गम्हारिया गांव में सबसे ज्यादा संकट:** इस सड़क पर सबसे गंभीर स्थिति गम्हारिया गांव की है. यहां सड़क के बीचोंबीच लगभग चार फीट का गहरा और चौड़ा गड्ढा बन चुका है. इस गड्ढे से गुजरते समय कई वाहनों का आधा हिस्सा धंस जाता है, जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जाता है. हालात इतने खराब हैं कि स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और मवेशियों की जान हर वक्त खतरे में रहती है. जलमीनार (नल जल योजना) की टूटी पाइपलाइन ने स्थिति को और खतरनाक बना दिया है. पाइप से लगातार पानी रिसकर गड्ढे में जमा हो रहा है, जिससे गड्ढा और भी गहरा होता जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि यह किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है.

**भय और असुविधा के माहौल में जी रहे ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है कि वे रोज डर के साये में जी रहे हैं. बच्चे स्कूल जाते समय, महिलाएं पानी भरने के लिए सड़क पार करते समय और मवेशियों को लाने-ले जाने हादसे का भय बना रहता है.

**प्रशासन और नेताओं पर आरोप :** ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक न तो विभागीय अधिकारी और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि इस मुद्दे को लेकर गंभीर दिख रहे हैं. नेता सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग के अधिकारी केवल लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं. गम्हरिया गांव के रामचंद्र स्वांसी कहते हैं कि प्रशासन कम से कम बोल्डर मोरम डालकर आवागमन को सुलभ करे. मणिका स्वांसी कहते हैं कि गांव के शिवा प्रधान कहते हैं कि नेता-मंत्री, अधिकारी सभी सभी इस सड़क से गुजरते हैं, पर किसी का ध्यान इस ओर नहीं है. ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द सड़क को दुरुस्त करने और पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे. इसको लेकर ग्रामीणो ने सांसद कालीचरण मुंडा और विधायक राम सूर्या मुंडा को ज्ञापन भी सौंपा है.

---

## बोकारो में 'करोड़पति क्लर्क' का ट्रांसफर

**51 लाख रुपये कैश मामले में जांच तेज़**

शुभम संदेश। बोकारो

बोकारो जिला प्रशासन ने डीएमएफटी में तैनात क्लर्क राजेश कुमार पांडेय को जिला स्थापना शाखा में तैनात कर दिया है, यह तब हुआ जब 28 अगस्त की रात गोला थाना क्षेत्र में उनकी कार से 51 लाख रुपये कैश जब्त किए गए थे. इस घूस की कार्रवाई के बाद प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह राशि जमीन बिक्री से प्राप्त नहीं हुई है—जिसका दावा पांडेय ने पेश किया था.

**जांच के अहम तथ्य :** पांडेय ने इनकम टैक्स जांच में एक एमओयू भी पेश किया, जिसमें यह कैश जमीन की बिक्री से आने का दावा था. लेकिन जांच एजेंसी ने पाया कि वह लिखित रूप में पंजीकृत नहीं था, इसलिए इसे संदेहास्पद माना गया.

**ब्लैकमनी का आरोप :** जैसा कि कानून में जिक्र है, जमीन की बिक्री जैसी बड़ी रकम कैश में रखना अनुमत नहीं है. इस वजह से जब्त राशि को काला धन (ब्लैक मनी) माना जा रहा है.

**प्रशासन ने डीडीसी को सौंपी जांच जिम्मेदारी:** इस गंभीर मामले में, डीसी ने उप-विकास आयुक्त (डीडीसी) को एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है. प्रशासन का कहना है कि यह मामला ऑफिस की प्रतिष्ठा और सम्मान से जुड़ा हुआ है.

### पलामू: 10 लाख के इनामी टीएसपीसी के शशिकांत दस्ता से पुलिस की मुठभेड़

# दो जवान शहीद, एक घायल


शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में बुधवार देर रात 10 लाख के इनामी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) कमांडर शशिकांत के दस्ते के साथ पुलिस की भीषण मुठभेड़ हुई. जिसमें जिला पुलिस बल के दो जवान संतन मेहता और सुनील राम बलिदान हो गए, जबकि एक जवान रोहित कुमार जख्मी हैं. गुरुवार तड़के सुबह 2 बजे घायल जवान को एमआरएमसीएच लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. पलामू की पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन लगातार हालात पर नजर रखी हुई हैं. रात 2 बजे ही वे अस्पताल पहुंचीं हैं और घायल जवान के इलाज की हर बारीकी की जानकारी ली. मुठभेड़ स्थल पर पुलिस सर्च अभियान चला रही है.

**कुछ नक्सलियों के भी हताहत होने की खबर :** इस बीच, पुलिस के मुताबिक घायल और मारे जाने की सूचना है. लेकिन अभी उनके शव नहीं मिल पाये हैं. इलाके की घेराबंदी करके सर्च अभियान चलाया जा रहा है. फिलहाल किसी का शव बरामद



**जवानों का शहीद होना पीड़ादायक: मुख्यमंत्री**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू में पुलिस बल और उग्रवादी संगठन के बीच मुठभेड़ में दो जवानों के बलिदान (शहीद) होने पर गहरा शोक जताया है. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को कहा कि पलामू के मनातू क्षेत्र अंतर्गत केदल जंगल में विशेष ऑपरेशन अभियान के दौरान पुलिस के दो जवान संतन मेहता और सुनील राम का शहीद (बलिदान) होना अत्यंत पीड़ादायक है. मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु दिवगंत वीर शहीदों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे. अभियान में घायल एक अन्य जवान को चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जा रहा है. घायल जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं.

**बलिदान देनेवाले जवानों के कृतज्ञ हैं: बाबूलाल मरांडी**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू में पुलिस बल और उग्रवादी संगठन के बीच भीषण मुठभेड़ में दो जवानों, संतन कुमार और सुनील राम के बलिदान होने की सूचना प्राप्त हुई. जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी. समाज में शांति स्थापित करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों का हम सब सदैव कृतज्ञ रहेंगे. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें.



**मुठभेड़ की जानकारी लेने पहुंची चार सदस्यीय टीम**

झारखंड के पलामू जिले में बुधवार रात पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद जांच करने के लिए पुलिस मुख्यालय की चार सदस्यीय टीम गुरुवार दोपहर 12 बजे मौके पर पहुंची. टीम का नेतृत्व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पुलिस महानिरीक्षक साकेत सिंह ने किया. उनके साथ आईजी अभियान माइकल राज, आईजी अनूप बिरथरे, एसपी (अभियान) अमित रेणु भी थे. सभी अधिकारियों ने मुठभेड़ में घायल जवान रोहित कुमार से एमएमसीएच में मुलाकात की. बाद में, सभी पुलिस अधिकारी पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचकर बलिदान जवानों को सलामी दी. इस मौके पर जिले की उपायुक्त समीरा एस., एसपी रिष्मा रमेशन, अभियान एएसपी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी, सिविल प्रशासन के अधिकारी, विधायक आलोक चौरसिया, प्रथम महापौर अरुण शंकर, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा एवं अन्य मौजूद थे. उन्होंने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद जवानों का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव हैदर नगर प्रखंड क्षेत्र के लिए रवाना किया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

आईजी माइकल राज ने कहा कि झारखंड पुलिस जवानों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देगी. उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी पूरा प्रयास कर रहे हैं कि जो नक्सली और उग्रवादी इस क्षेत्र में बचे हैं, वो खुद को सरेंडर कर दें. एक सवाल के जवाब में, आईजी माइकल राज ने कहा कि नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिससे उनको अपना ठिकाना उजड़ने का डर सताने लगा है और इससे वे और अधिक उग्र हो गये हैं. उन्होंने कहा कि नक्सली शशिकांत और उसका दस्ता जल्द सरेंडर नहीं करता है तो कार्रवाई जारी रहेगी.

**जवान चला रहे थे सर्च अभियान**

एसपी के अनुसार बुधवार शाम सूचना मिली कि 10 लाख के इनामी टीएसपीसी के शशिकांत का दस्ता मनातू थाना के केदल गांव में मौजूद हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है. इस सूचना पर एएसपी अभियान राकेश कुमार और हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में ऑपरेशन लॉन्च किया गया. सर्च अभियान चलाते हुए पुलिस बढ़ रही थी. इसी क्रम में रात साढ़े 12 बजे पुलिस को देखते ही उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की. इस मुठभेड़ में पुलिस के दो जवान बलिदान हो गए और एक जवान घायल हो गए.

### हजारीबाग : सिदो-कान्हू के बाद अब नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

## माहौल तनावपूर्ण, जांच में जुटी पुलिस

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एक बार फिर प्रतिमा तोड़फोड़ की घटना ने लोगों को आक्रोशित कर दिया है. संत कोलंबस कॉलेज के समीप स्थित नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया. यह घटना दो दिन पहले हुई एक अन्य घटना के बाद हुई है, जब पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास स्थित सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था. उस घटना के बाद दिनभर सड़क जाम रहा था और शाम में प्रशासन ने चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे. हालांकि, नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा के पास भी सीसीटीवी व्यवस्था की गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी गई. इस घटना के बाद इलाके में तनाव और गहरा गया है, खासकर जब कर्म पर्व का आयोजन भी चल रहा है. ऐसे में माहौल और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है. सूचना मिलते ही हजारीबाग पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है. किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इस घटना के पीछे किसका हाथ है, इसकी जांच में जुट गई है.

## भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस से टकराई बिछड़ी मादा हाथी, रेल यातायात ठप रहा

**चक्रधरपुर:** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में एक दुखद घटना सामने आई है. गुरुवार सुबह सागरा और सोनाखान स्टेशनों के बीच एक मादा हाथी भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई. हादसा सुबह लगभग 5 बजे तब हुआ, जब हाथी रेलवे ट्रैक पार कर रही थी और ट्रेन तेज गति से आ रही थी. बताया जा रहा है कि यह मादा हाथी पिछले कुछ दिनों से अपने झुंड से अलग होकर आसपास के इलाके में अकेले घूम रही थी.

हादसे में हाथी को गंभीर चोटें आई हैं. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं. क्रेन की सहायता से घायल हाथी को ट्रैक से हटाने की कोशिश शुरू की गई. साथ ही हथिनी का प्राथमिक उपचार भी किया जा रहा है.

**रेल यातायात बाधित, यात्रियों की बढ़ी परेशानी :** दुर्घटना का सीधा असर रेल यातायात पर पड़ा है. भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस को सोनाखान के पहले ही रोक दिया गया, जबकि ट्रेन संख्या 22358 को राजगांगपुर स्टेशन पर सुबह 5:30 बजे से खड़ा रखा गया है. कई अन्य ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उधर हाथियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने एआई आधारित 'इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम' लगाने की योजना बनाई है. यह तकनीक समय रहते हाथियों की मौजूदगी का पता लगाकर ट्रेन को अलर्ट करेगी, जिससे हादसे टाले जा सकें.

**पाकुड़ में अवैध लॉटरी का खुलासा**

## 450 नकली टिकट के साथ एक गिरफ्तार



**पाकुड़।** जिले के मालगोदाम रोड स्थित जर्जर बीडी श्रमिक अस्पताल के पास पुलिस ने अवैध लॉटरी बेचते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार किया. आरोपी लोगों को 10 गुना अधिक पैसा कमाने का लालच देकर नकली लॉटरी टिकट बेच रहा था. गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. एकलास अंसारी के रूप में हुई है, जो हिरणडांगा बाजार, पाकुड़ का रहने वाला है. यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर पाकुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित छापेमारी दल द्वारा की गई. जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया.

## राज्य में फिर सक्रिय हुआ मानसून, रांची समेत जिलों में अलर्ट जारी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में मानसून की बारिश लगातार जारी है. इसी बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक भारी भारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार रांची सहित राज्य के कई जिलों में गुरुवार को तेज बारिश हुई. वहीं पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है. इसके अलावा राज्य के सात जिलों में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है. इनमें पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, पलामू तथा गढ़वा जिले शामिल हैं. मौसम विभाग ने बताया है कि बारिश के दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका है. वहीं पिछले 24 घंटों में राज्य में अच्छी बारिश देखी गई.

**पिछले 24 घंटों में हुई बारिश**

| | |
|---|---|
| पश्चिमी सिंहभूम | : 65.6 मिमी |
| पूर्वी सिंहभूम | : 54.2 मिमी |
| दुमका | : 46 मिमी |
| सिमडेगा | : 39.6 मिमी |
| जामताड़ा | : 38.4 मिमी |
| रांची | : 22.4 मिमी |

**झारखंड में सामान्य से 26 प्रतिशत अधिक हुई बारिश:** झारखंड में 1 जून से तीन सितंबर तक सामान्य से 26 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है. राज्य में इस दौरान 823.7 मिलीमीटर के मुकाबले 234.9 में मिमी मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई. बोकारो में सामान्य से 24 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। यहां 736 मिलीमीटर के मुकाबले 911.5 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई. इसी तरह से चतरा में सामान्य से 18 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। यहां 761.2 मिलीमीटर के मुकाबले 900 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई. वहीं देवघर में सामान्य से नौ प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई. यहां 770.2 मिलीमीटर के मुकाबले 702.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. धनबाद में 849.4 मिमी की तुलना में 1200.3 मिलीमीटर, दुमका 815.4 मिलीमीटर के मुकाबले 1027.2, पूर्वी सिंहभूम में 883.5 मिमी के मुकाबले 1532.2 मिमी, गढ़वा में 749 मिमी के मुकाबले 726 मिमी, गिरिडीह में 771.2 मिमी के मुकाबले 921 मिमी, गोड्डा में 709 मिमी के मुकाबले 661.8 मिमी, गुमला में 859.2 के मुकाबले 930.3 मिमी, हजारीबाग में 844.1 मिलीमीटर के मुकाबले 863.7 मिमी, जामताड़ा में 851.9 मिमी के मुकाबले 1120.1 मिमी, खूंटी में 902.4 मिमी के मुकाबले 1197.6 मिमी, कोडरमा में 696.4 मिमी के मुकाबले 832.8 मिमी, लातेहार में 839.9 मिलीमीटर के मुकाबले 1238.5 मिलीमीटर, लोहरदगा में 802.3 मिमी के मुकाबले 924.2 मिलीमीटर, पाकुड़ में 926.1 मिलीमीटर के मुकाबले 748.8 मिमी, पलामू में 687.2 मिमी के मुकाबले 848.9 मिलीमीटर, रामगढ़ में 831.2 मिमी के मुकाबले 1090.3 मिमी, रांची में 841.1 मिलीमीटर के मुकाबले 1292.5 मिमी, साहिबगंज में 913.6 एमएम के मुकाबले 1058.8 मिमी, सरायकेला- खरसावां में 816.7 मिमी के मुकाबले 1350.7 मिमी, सिमडेगा में 1067.5 मिमी के मुकाबले 1127.8 मिलीमीटर, पश्चिमी सिंहभूम में 830.4 मिलीमीटर के मुकाबले 1141.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई.

**आज भी होगी बारिश**

मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है. इस दौरान विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका व्यक्त की है. इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया हैपिछले तीन दिनों से राज्य के अधिकांश हिस्सों में हो रही लगातार बारिश से राजधानी के विभिन्न निचले इलाकों में जल जमाव होने से लोगों को भारी परेशानी हुई. भारी बारिश के कारण रांची के अपर बाजार इलाके में कई दुकान में पानी घुस जाने से व्यवसायियों को नुकसान हुआ, जबकि पंडरा के पंचशील नगर, कोकर के कई मुहल्ले और हिंदपीढ़ी के कई इलाकों के घरों में बारिश का पानी घुस गया जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. इसके अलावा बारिश के बावजूद करम पर श्रद्धालु नागपुरी गीतों पर झूमते नजर आए.

### जमशेदपुर में लगातार दूसरे दिन अपराधियों का उत्पात

## व्यवसायी की आंखों में मिर्च झोंक कर 30 लाख रु की लूट, तीन राउंड फायरिंग

- सोनारी में ज्वेलर्स से लूट के बाद बिष्टुपुर बना निशाना

शुभम संदेश। जमशेदपुर

झारखंड के औद्योगिक शहर जमशेदपुर में अपराधियों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है. गुरुवार को शहर के बीचोंबीच बिष्टुपुर गुरुद्वारा इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक कारोबारी से 30 लाख रुपये लूट लिए. घटना उस समय हुई जब हिन्दुस्तान यूनिलीवर की एजेंसी चलाने वाले व्यवसायी साकेत अग्रवाल स्कूटी से नकद राशि लेकर बैंक मे जमा कराने जा रहे थे. रास्ते में दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और उनकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंक दिया. इसके बाद रुपयों से भरा बैग छीनकर भागने लगे. आंखों में जलन के बावजूद साकेत अग्रवाल ने शोर मचाया और अपराधियों का पीछा करने लगे. इस दौरान बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग की और इनोवा गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए. गनीमत रही कि साकेत गोलीबारी में बाल-बाल बच गए.

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस:** घटना की जानकारी मिलते ही बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच अभियान चलाने लगी. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान हो सके. शहर में दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज वारदात ने आम लोगों और व्यापारियों के बीच भारी दहशत फैला दी है.

**पुलिस पर फूटा व्यवसायियों का गुस्सा :** घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी और आम लोग मौके पर इकट्ठा हो गए. सभी ने शहर में बढ़ती अपराधिक घटनाओं और पुलिस की लचर व्यवस्था पर गहरा आक्रोश जताया. व्यापारियों का कहना है कि शहर के व्यस्त इलाकों में अपराधी खुलेआम वारदात कर रहे हैं और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है. खास बात यह है कि जहां यह घटना हुई, वहां से कुछ ही दूरी पर जमशेदपुर के सांसद का आवास है, फिर भी अपराधी बेखौफ नजर आए.

**एक दिन पहले सोनारी में ज्वेलरी शॉप में लूट :** गौरतलब है कि ठीक एक दिन पहले बुधवार को सोनारी थाना क्षेत्र में स्थित वर्द्धमान ज्वेलर्स में भी लूट की बड़ी वारदात हुई थी. छह हथियारबंद अपराधी ग्राहक बनकर दुकान में घुसे और मालिक पंकज जैन को बंधक बना लिया.

# आत्मनिर्भर होते भारत को मजबूत बनाएगा जीएसटी रिफॉर्म : संजय सेठ



शुभम संदेश। रांची

रक्षामंत्री राज्य व रांची सांसद संजय सेठ ने जीएसटी में ऐतिहासिक सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि यह सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है. उन्होंने बताया कि नए जीएसटी रिफॉर्म से मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को गति मिलेगी.सेठ के अनुसार अब केवल दो टैक्स स्लैब — 5% और 18% रहेंगे, जिससे कर प्रणाली सरल और पारदर्शी बनेगी. उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा और जीवन रक्षक दवाओं सहित कई जरूरी वस्तुएं पूरी तरह जीएसटी मुक्त कर दी गई हैं. किसानों के उपकरणों, रोजमर्रा की चीजों और मध्यम वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली गाड़ियों पर टैक्स कम किया गया है.उन्होंने कहा कि यह निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को सीधे प्रभावित करेगा और गरीबों, मध्यम वर्ग तथा छोटे-बड़े उद्यमियों को राहत देगा. संजय सेठ ने इसे प्रधानमंत्री की संवेदनशील सोच का परिणाम बताते हुए कहा कि यह कदम भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा.

## जीएसटी में ऐतिहासिक बदलाव झारखंड के लिए विकास का वरदान : डॉ. प्रदीप वर्मा



रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने हालिया जीएसटी सुधारों को आर्थिक पारदर्शिता और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया गया यह सुधार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मूल मंत्र को और सशक्त करता है.डॉ. वर्मा के अनुसार, जीएसटी में आए बदलावों से छोटे व्यापारियों को सरल पंजीकरण और रिटर्न प्रक्रिया का लाभ मिलेगा, जिससे उनका कारोबार बढ़ेगा। शिक्षा क्षेत्र में जीएसटी छूट से छात्रों और अभिभावकों का आर्थिक बोझ घटेगा, जबकि कृषि उपकरणों पर कर में राहत से किसानों को सीधा लाभ होगा. स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे.उन्होंने कहा कि यह सुधार झारखंड जैसे विकासशील राज्य में आर्थिक क्रांति लाएगा और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम होगा. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने कर व्यवस्था को बोझ बना दिया था, जबकि मोदी सरकार ने उसे विकास का माध्यम बना दिया है.

## जीएसटी सुधार झारखंड पर आर्थिक हमला केंद्र दे मुआवजे की गारंटी : आलोक कुमार दुबे

- नई जीएसटी नीति से झारखंड को हजारों करोड़ का नुकसान, विकास योजनाएं ठप होने का खतरा

शुभम संदेश। रांची



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने केंद्र सरकार के नए ₹नेक्स्ट जेन₹ जीएसटी सुधार पर तीखा हमला करते हुए इसे झारखंड जैसे राज्यों की अर्थव्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया है. उन्होंने कहा कि उपभोक्ता स्तर पर टैक्स में कटौती से शुरुआत में वस्तुओं के दाम कम ज़रूर होंगे, लेकिन इसका बड़ा खामियाज़ा राज्य के राजस्व पर पड़ेगा. दूबे ने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से खनिज और उपभोग कर पर आधारित है. ऐसे में टैक्स शेयर में कटौती से राज्य को हजारों करोड़ का घाटा होगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और सामाजिक योजनाएं प्रभावित होंगी. उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि यह सुधार बिना राज्यों से समुचित विचार-विमर्श के जल्दबाज़ी में लागू किया गया. पहले लागू, बाद में सोचो की नीति अपनाई गई. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड जैसे आदिवासी बहुल और पिछड़े राज्य को केंद्र से अतिरिक्त सहयोग की ज़रूरत है, लेकिन नई नीति ने उल्टा बोझ डाल दिया है. यदि समय रहते जीएसटी क्षतिपूर्ति नहीं मिली, तो विकास रुक जाएगा और जनता पर महंगाई और बेरोजगारी का बोझ बढ़ेगा.कांग्रेस ने केंद्र से चार प्रमुख मांगें रखी हैं: 5 साल तक क्षतिपूर्ति की गारंटी दे, विशेष सहायता कोष की व्यवस्था करें, छोटे व्यापारियों के लिए आसान नियम बनाए और आदिवासी क्षेत्रों के लिए अलग विकास पैकेज की व्यवस्था करे. कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह इस मुद्दे को सड़क से संसद तक उठाएगी और झारखंड के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी.

## मोदी सरकार ने छात्रों, किसानों और व्यापारियों को दी बड़ी राहत : अजय राय



भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय राय ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ₹सबका साथ, सबका विकास₹ की नीति पर कार्य कर रही है. पढ़ाई से जुड़ी वस्तुओं पर जीएसटी घटाने से छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा, खासकर झारखंड जैसे राज्य में जहाँ बड़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं.राय ने कहा कि कृषि उपकरणों और आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स में राहत से किसानों की आय बढ़ेगी और छोटे व्यापारियों को भी मजबूती मिलेगी। इससे राज्य की ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा.उन्होंने जनता से अपील की कि केंद्र की जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और ₹विकसित भारत 2047₹ के लक्ष्य को भाजपा के साथ मिलकर साकार करें.

## जनविरोधी जीएसटी से पलटी मोदी सरकार, कांग्रेस की नीतियों की मिली मान्यता : सोनाल शांति



**रांची।** देश में एनडीए की सरकार जरूर है, लेकिन प्रशासनिक ढांचा अब भी कांग्रेस की नीतियों पर चलने को मजबूर हो गया है. कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि मोदी सरकार ने दूध, दही, किताबों, कृषि उपकरणों और जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी लगाकर आम जनता की जेब पर चोट की. अब तीसरे कार्यकाल में जाकर सरकार को आम आदमी की पीड़ा समझ आई है.उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2016 में ही जीएसटी नीति का विरोध किया था और इसके आम जनता पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से प्रस्तुत किया था. लेकिन मोदी सरकार ने उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए जनविरोधी स्लैब लागू किया. आज जब सरकार खुद उस नीति में संशोधन कर रही है, तो यह कांग्रेस की दूरदर्शिता की पुष्टि है.शांति ने कहा कि जीएसटी के संशोधन से राजस्व घाटे का आंकलन कर राज्यों को मुआवजा मिलना चाहिए ताकि क्षेत्रीय विकास का संतुलन बना रहे. मोदी सरकार को सलाहकारों की बात न मानने की कीमत चुकानी पड़ी है और अब उसे जनहित में कांग्रेस की राह अपनानी पड़ी है.

### पीएलएफआई के नाम पर मिली धमकी

## रांची में बिल्डर और जमीन कारोबारी से मांगी गई 50-50 लाख की रंगदारी

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के नाम पर दो व्यवसायियों से 50-50 लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है. दोनों ही मामलों में अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस जांच में जुट गई है.

पहला मामला अरगोड़ा थाना क्षेत्र का है, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय संयोजक व बिल्डर राजेश कुमार से पीएलएफआई के नाम पर 50 लाख की रंगदारी मांगी गई है. 1 सितंबर को राजेश कुमार के व्हाट्सएप नंबर पर एक धमकी भरा पत्र भेजा गया, जिसमें रकम नहीं देने पर पांच दिन के भीतर जान से मारने की धमकी दी गई थी. राजेश कुमार ने तत्काल अरगोड़ा थाने में मामला दर्ज कराया है. पुलिस ने व्हाट्सएप नंबर की जांच के लिए टेक्निकल सेल की मदद लेना शुरू कर दिया है.

**जमीन कारोबारी दीपक कुमार से भी मांग**

दूसरा मामला खेलगांव ओपी क्षेत्र से जुड़ा है, जहां जमीन कारोबारी दीपक कुमार से भी 50 लाख की रंगदारी मांगी गई है. एफआईआर के अनुसार, उन्हें मैसेज के जरिए धमकी दी गई कि यदि रकम नहीं दी गई तो परिवार को जान से मार दिया जाएगा. रंगदारी की मांग पीएलएफआई संगठन के अमृत होरो के नाम पर की गई है. दीपक कुमार का कार्यालय रांची के मोरहाबादी इलाके में है. खेलगांव ओपी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## कायस्थ महासभा की झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी समिति कीबैठक आज

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को अशोकनगर रोड नंबर 3 रांची स्थित जलसा में पूर्वाह्न 11 बजे से होगी राज्य कार्यकारिणी की बैठक का समापन अपराह्न 3 बजे होगा. यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सह रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने दी.

# अगर राज्य चलाना नहीं आता, तो हेमंत सरकार गद्दी छोड़े: डॉ. राधामोहन

**मोदी सरकार दे रही जनता को राहत, हेमंत सरकार कर रही विरोधः भाजपा का तीखा प्रहार**



शुभम संदेश। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह सांसद डॉ. राधामोहन अग्रवाल ने झारखंड सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनता को राहत देने के लिए जीएसटी दरों में भारी कटौती की है, जिससे सरकार को 50 हजार करोड़ रुपये का घाटा झेलना पड़ा. इसके विपरीत, हेमंत सरकार महज दो हजार करोड़ के घाटे का बहाना बनाकर विरोध कर रही है.
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने 12 लाख तक की आय पर टैक्स शून्य कर दिया है और दवाइयों, कृषि यंत्रों, शैक्षणिक सामग्री, मेडिकल किट और सीमेंट पर टैक्स घटाकर आम जनता को सीधा फायदा पहुंचाया है. उन्होंने कहा कि यह निर्णय त्योहारों से पहले जनता के लिए बड़ा तोहफा है. उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार जनता के हित की बजाय टैक्स वसूली पर केंद्रित है और भ्रष्टाचार छुपाने के लिए आर्थिक घाटे की बात कर रही है. ऐसे में अगर सरकार जनता की सेवा नहीं कर सकती, तो उसे सत्ता छोड़ देनी चाहिए.
डॉ. अग्रवाल ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी अमीर-गरीब पर एक समान टैक्स की बात कर देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं. उन्होंने भाजपा की ओर से मोदी सरकार के निर्णयों का स्वागत किया.प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित रहे.

## देश की संपत्ति बेचना भाजपा के लिए भ्रष्टाचार नहीं: राकेश सिन्हा



**रांची।** भाजपा नेता राधा मोहन अग्रवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश की संपत्ति बेचना भ्रष्टाचार नहीं है, जबकि वास्तव में यह जनता के अधिकारों का हनन है. सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने 11 वर्षों के शासन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया और जनता के पैसे का दुरुपयोग किया.उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार संसाधनों का सही उपयोग कर रही है और जनता के हित में कई योजनाएं लागू की गई हैं. भाजपा शासन में केवल कागज़ों पर एमओयू हुए और पैसों का बंदरबांट हुआ. उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं, वहीं पूंजीपति मित्रों के करोड़ों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं.सिन्हा ने जीएसटी को लेकर कहा कि सरकार अब रेट रेशनलाइज़ेशन की बात कर रही है, लेकिन सभी राज्यों को 2024-25 को आधार बनाकर पांच वर्षों के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए, ताकि राजस्व प्रभावित न हो. एमएसएमई को लाभ तभी मिलेगा जब जीएसटी की जटिलताएं खत्म हों.

## एक नजर



### बच्चों ने पेंटिंग बनाकर मनाया शिक्षक दिवस

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से संचालित कोशिश स्पेशल स्कूल अरगोड़ा में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया. इस मौके पर बच्चों ने पेंटिंग बनाकर शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं. गुरुजनों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और शिक्षक दिवस को यादगार बनाने के लिए बच्चों का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने एक-एक कर अपने शिक्षकों को बधाई दी और आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक अंजनय कुमार, गायत्री कुमारी, दिलीप कुमार और शामिता बोस के साथ-साथ स्कूल की सदस्य दीपा चौधरी और सुषमा शरण सहित अन्य मौजूद थे.

### सदानंद महाराज का भजन व सत्संग कार्यक्रम कल



**रांची।** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में परमहंस डॉ संत शिरोमणि सदानंद महाराज अपनी दिव्य वाणी से भजन सत्संग प्रवचन के माध्यम से अमृत वर्षा का रसपान कराएंगे. यह जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गुरु पूजन, गुरु महाराज से आशीर्वाद और प्रसाद का वितरण का कार्यक्रम होगा. उन्होंने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है.

### जल्द जारी होंगे 15वें वित्त आयोग के अनुदान



**रांची/दिल्ली।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से गुरुवार को दिल्ली में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सचिव की मुलाकात हुई. बैठक में मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग के अनुदान को शीघ्र स्वीकृत करने पर बल दिया गया. दीपिका पांडे ने स्पष्ट किया कि झारखंड सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्राम पंचायतों को सशक्त कर ग्रामीण विकास को नई दिशा देना है. उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि 15वें वित्त आयोग की अगली किस्त शीघ्र जारी की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे गांव-गांव तक पहुंच सके. उन्होंने कहा कि अनुदान जारी होने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आधारभूत संरचनाएं मजबूत होंगी. इस पर पंचायती राज मंत्रालय के सचिव ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया. बैठक के दौरान आरजीएसए के अंतर्गत अतिरिक्त फंड सहायता, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 प्रशिक्षण, सैटेलाइट आधारित दूरस्थ शिक्षा सुविधा, ग्राम पंचायतों का सोलराइजेशन तथा यूनिफाइड पंचायत डिजिटलाइजेशन से संबंधित प्रस्ताव भी रखे गए. इस अवसर पर उनके साथ विभागीय सचिव मनोज कुमार (आईएएस), निदेशक (पंचायती राज, झारखंड) राजेश्वरी बी. तथा भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के निदेशक विपुल उज्ज्वल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### श्री दुर्गा पूजा और रावण दहन समिति इस बार किताबों की थीम पर बना रही पूजा पंडाल



**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है. शहर के अलग -अलग स्थानों में एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण हो रहा है. इसी क्रम में श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा इस साल 21 हजार काल्पनिक किताबों से पंडाल का निर्माण कर रही है. करीब 35 लाख की लागत से भव्य पंडाल बनाया जा रहा है. पंडाल के ठीक सामने गुरुकुल के साधु एक पेड़ के नीचे पुस्तक लेकर बैठे नजर आएंगे. उनके चारों ओर हिरणों का झुंड होगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा. पंडाल परिसर में किताब का स्टॉल लगाया जाएगा, जिसमें धार्मिक और जनरल नॉलेज की किताबें होंगी. पंडाल के अगल-बगल 15-15 फीट ऊंची किताबों से दीवारें बनाई जा रही हैं. सभी काल्पनिक किताबों पर संस्कृत में लिखा हुआ दिखेगा. आकर्षक लाइटिंग होगी. मूर्तिकार जगदीश पाल 15 फीट की ऊंची माता की प्रतिमा तैयार कर रहे हैं. समिति की ओर से रावण दहन सह आकर्षक आतिशबाजी का कार्यक्रम दशमी के दिन अरगोड़ा मंडा मैदान में किया जाएगा. समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार साहू ने गुरुवार को कहा कि आज कल सभी बच्चे किताबों की जगह लैपटॉप और मोबाइल से पढ़ते हैं. इस थीम का उद्देश्य है कि लोगों में किताबों के प्रति रुचि बढ़े.

### बड़ी कार्रवाई : दस्तावेजों में गड़बड़ी से विवाद गहराया

## नगर निगम ने जेएससीए को थमाया 3.35 करोड़ का होल्डिंग टैक्स नोटिस

शुभम संदेश। रांची

रांची नगर निगम ने जेएससीए को 3 करोड़ 35 लाख 28 हजार 152 रुपये का होल्डिंग टैक्स बिल थमाया है. यह बकाया राशि वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2025-26 तक की बताई जा रही है. निगम ने एक सप्ताह में पूरा टैक्स जमा करने का निर्देश दिया है.
निगम के अपर प्रशासक के हस्ताक्षर से पत्रांक 714/आरईवी जारी हुआ है. इसमें कहा गया है कि जेएससीए को होल्डिंग नंबर एसएएफ/ 02/04/ 00 192 आवंटित है. निगम द्वारा नियुक्त कंपनी ने सर्वे कर जो रिपोर्ट दी, उसी आधार पर नया बिल बनाया गया है.

**नए निर्माण बने आधार:** जेएससीए पहले से ही नियमित होल्डिंग टैक्स जमा कर रहा है. लेकिन हाल के वर्षों में परिसर में कई नए निर्माण हुए हैं. इससे उपयोग की प्रकृति में बदलाव आया है. निगम ने इन्हीं बदलावों को आधार मानते हुए बकाया टैक्स का नया आकलन किया है. निगम के पत्र और उसके स्तावेजों में विरोधाभास सामने आए हैं. पत्र में जहां जेएससीए का होल्डिंग नंबर एसएएफ/ 02/ 04/00192 लिखा गया है, वहीं संलग्न दस्तावेज में पुराना नंबर 0410001855000ए1 है. इतना ही नहीं, जिस नंबर को पत्र में होल्डिंग नंबर बताया गया है, वही आवेदन संख्या के रूप में दर्ज है. आवेदन की तारीख भी 4 अगस्त 2025 लिखी हुई है. इससे स्पष्ट है कि या तो निगम को सही जानकारी नहीं दी गई या फिर एजेंसी ने भ्रामक रिपोर्ट तैयार की है.

**अहम मौके पर नोटिस:** नोटिस ऐसे समय आया जब स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच वन डे मैच होना है. वहीं 21 सितंबर को सीसीसी का चुनाव होना है. निगम का यह कदम न केवल खेल जगत बल्कि प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया है.

## रांची में डिलीवरी ब्वॉय का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य, एसएसपी ने दिए थानों के सख्त निर्देश

शुभम संदेश। रांची



राजधानी रांची में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने और सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से एसएसपी चंदन सिन्हा ने सभी डिलीवरी ब्वॉय का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य कर दिया है. इस संबंध में सभी थानों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं. हाल के दिनों में कई मामलों में देखा गया कि कुछ अपराधी डिलीवरी ब्वॉय की वर्दी में मोबाइल छिनतई व चोरी को अंजाम दे रहे थे. वे डिलीवरी ब्वॉय के रूप में घरों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे. इसको देखते हुए पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए ये कदम उठाया.

**हर थाने में बनेगी डिलीवरी ब्वॉय की सूची :** हर थाने में काम कर रहे डिलीवरी ब्वॉय की विस्तृत सूची तैयार की जाएगी, जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर और अन्य जरूरी जानकारी दर्ज होगी. यह सूची थाने में एक रजिस्टर में रखी जाएगी, ताकि संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके. हाल ही में चुटिया थाना ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया था, जो डिलीवरी ब्वॉय की वर्दी में मोबाइल छिनतई करता था. इस मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार हुए थे, जिनके पास से 26 मोबाइल फोन और एक चोरी की स्कूटी बरामद की गई थी. वहीं, कांके थाना क्षेत्र में भी दो चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपियों ने पहले डिलीवरी ब्वॉय बनकर घरों की रेकी की थी.

**बिना वेरिफिकेशन नहीं मिलेगी नौकरी**

एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी डिलीवरी कंपनी बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किसी युवक को काम पर नहीं रख सकेगी. इसके तहत कंपनियों को अपने सभी कर्मचारियों का विवरण संबंधित थाने में आवेदन के साथ जमा करना होगा. यह नियम नए और पहले से कार्यरत सभी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होगा.

### कापूचिन धर्मसंघ के निवास विद्या सदन में ब्रदर विराज एक्का का उपयाजकीय अभिषेक संपन्न

## उपयाजक का जीवन समर्पण और त्याग का जीवन है, जिसमें स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता है : महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद


शुभम संदेश। रांची



सामलौंग स्थित कापूचिन धर्मसंघ के निवास विद्या सदन में ब्रदर विराज एक्का की उपयाजकीय अभिषेक की धर्मविधि रांची काथलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद द्वारा सम्पन्न की गई. ज्ञात हो कि काथलिक कलीसिया में पुरोहित बनने की चाह रखने वाले के उम्मीदवारों को पुरोहित अभिषेक प्रदान करने से पहले उपयाजकीय अभिषेक प्रदान किया जाता है. उपयाजक का कर्तव्य होता है कि वह पुरोहितों एवं विश्वासियों की सेवा करे. इसी अवसर पर महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद कापूचिन धर्मसंघ के निवास स्थान विद्या सदन पहुंचे जहां उन्होंने ब्रा० विराज एक्का को उपयाजकीय अभिषेक प्रदान किया. महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने अपने धर्मोपदेश में कहा कि ₹ उपयाजक को चाहिए कि वह अपने जीवन के अंत तक सेवा का भाव अपना कर कलीसिया की सेवा करता रहे. उपयाजक का जीवन समर्पण और त्याग का जीवन है, जिसमें स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता है. यदि स्वार्थ का विचार मन में हो तो वह स्वयं के प्रति, कलीसिया एवं ईश्वर के प्रति धोखा होगा. मिस्सा बलिदान के अंत में महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने नए उपयाजक विराज एक्का को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं. संत अल्बर्ट कॉलेज के सभी प्रोफेसर ने भी उपयाजक को एक अच्छा शिष्य बताया. कापूचिन धर्मसंघ के प्रोविंशियल फादर हरमन मिंज ने सभी उपस्थित पुरोहितों, धर्मबहनो, धर्मबंधुओं एवं शुभ चिंतकों को आभार व्यक्त किया.

विराज एक्का के उपयाजकीय अभिषेक की धर्मविधि के अवसर पर रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद, कापूचिन धर्मसंघ के प्रोविंशियल फादर हरमन मिंज, कापूचिन धर्मसंघ के रिजनल सुपीरियर फादर साइमन मुर्मू, विद्या सदन के निदेशक फादर ग्रेगोरी केरकेट्टा, संत अल्बर्ट कॉलेज रांची के निदेशक फादर अजय कुमार ख़लखो, आरागेट के पल्ली पुरोहित फादर बेसिल रुंडा सहित अन्य पुरोहितगण, धर्मबहनें , शुभचिंतक एवं विद्या सदन में अध्ययनरत छात्र उपस्थित रहे.

## नेहा महतो बनीं झारखंड ओलंपिक संघ की वरीय उपाध्यक्ष



**रांची।** बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी (सिल्ली) की अध्यक्ष और झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो को झारखंड ओलंपिक संघ का वरीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह जानकारी संघ के महासचिव मधुकांत पाठक ने दी. उन्होंने बताया कि संघ के अध्यक्ष आरके आनंद द्वारा नेहा महतो को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. वर्ष 2015 में नेहा महतो के नेतृत्व में बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के हाथों राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. यह पुरस्कार खिलाड़ियों और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया था.

## ब्रीफ न्यूज

### बरवाडीह और छिपादोहर स्टेशनों को मिली सौगात

**बरवाडीह ।** क्षेत्रवासियों के लिए रेलवे से जुड़ी दो बड़ी खुशखबरें सामने आई हैं. सांसद काली चरण सिंह के सतत प्रयासों के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बरवाडीह और छिपादोहर रेलवे स्टेशनों के लिए अहम घोषणाएं की हैं. अब संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस (18009/ 18010) का ठहराव बरवाडीह स्टेशन पर और बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस (13347/ 13348) का ठहराव छिपादोहर स्टेशन पर स्वीकृत कर लिया गया है. इससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में बड़ी राहत मिलेगी. इसके साथ ही बरवाडीह-मंगरा स्टेशन के बीच पोल संख्या 262/33-34 के पास अंडरपास निर्माण को लेकर भी रेल मंत्री ने स्थल निरीक्षण व जांच के निर्देश दिए हैं.

ग्रासिम सीएसआर, रेहला का पर्यावरण संरक्षण एवं नर्सरी विकास योजना के तहत पौधा वितरण कार्यक्रम संपन्न

# योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना

**शुभम संदेश । विश्रामपुर (पलामू)**



ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत पर्यावरण संरक्षण और नर्सरी विकास योजना के अंतर्गत बेलचंपा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में भव्य पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी के मार्गदर्शन और मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास के नेतृत्व में किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्माकर लाल दास ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकटों को कम करना है. साथ ही इस योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना भी है. उन्होंने बताया कि फलदार एवं इमारती पौधों की बागवानी किसानों को पारंपरिक खेती के जोखिमों से मुक्त कर एक वैकल्पिक आमदनी का साधन प्रदान करती है. कार्यक्रम में कुल 240 किसानों के बीच विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए गए. इसके अलावा प्रशिक्षण केंद्र परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत 200 पौधे लगाए गए, जिससे समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश गया. कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे बागवानी और नकदी फसलों ने उनकी आय में वृद्धि की है. इन अनुभवों से अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिली और उन्होंने इस पद्धति को अपनाने की इच्छा जताई.

इस आयोजन में प्रबंधक जनसंपर्क विकास कुमार, सीएसआर अधिकारी अनिल गिरि, जन सेवा ट्रस्ट के मोहम्मद कैफ, आफताब अंसारी, नागेंद्र प्रसाद यादव, शिवलाल पासवान, भोला सिंह, गोपीनाथ विश्वकर्मा, सत्येंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, अनीता देवी, श्रीकांत सिंह, योगेश पाल सहित पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, स्कूली बच्चे और क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी अनिल गिरि ने किया और उन्होंने सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार कार्य करने की प्रेरणा दी.

### सूत्तव ऋजु ने पांच गोल्ड जीत ओलंपिक का सपना



**लातेहार।** महज 14 साल के सूत्तव ऋजु बोराल ने साइकिलिंग में कई अद्भुत कारनामे किए हैं. आठ वर्ष की उम्र में वे अपनी स्पोर्ट्स साइकिल से 18 किलोमीटर की दूरी तय कर पलामू से बेतला पहुंचे थे. अब तक उन्होंने राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में पांच गोल्ड मेडल अपने नाम किए हैं. एक बार गंगोत्री से गंगाजल लेकर दो हजार किलोमीटर साइकिलिंग कर देवघर में बाबा के पैर जलार्पण भी किया. इस कारनामे के लिए उनका नाम 2025 में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है. गुरुवार को वे रांची से पलामू जाते समय लातेहार में रुके, जहां उनकी मौजूदगी पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई. उन्होंने बताया कि रांची से लातेहार आने में लगभग ढाई घंटे लगे और अपने साइकिल के डिजिटल मीटर से भी इसका प्रमाण दिया. उनके साथ उनके माता-पिता भी थे, जो राज्य सरकार में कर्मचारी हैं। सूत्तव राजधारी रांची के एएस टीवीएस जिला स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र हैं और रोजाना खेलगांव में कड़ी मेहनत से अभ्यास करते . उनका बड़ा सपना ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना है. उनके पिता सौमित्रो बोराल ने बताया कि आठ वर्ष की उम्र में जब सूत्तव बेतला जाने निकला तो उन्होंने उसका हौसला बढ़ाने के लिए साथ चलना चुना था.

### स्वर संगीत में लातेहार की विजया को प्रथम पुरस्कार

**लातेहार ।** केंद्रीय विद्यालय संगठन, रांची संभाग द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' एवं कला उत्सव में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार की छात्रा विजया अराधना ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है. यह कार्यक्रम 29 व 30 अगस्त को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, नामकुम (रांची) में आयोजित किया गया था. विजया ने कला उत्सव के तहत स्वर संगीत की एकल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जिसमें तबले पर उनका साथ विद्यालय के संगीत शिक्षक डॉ. उदय मिश्रा ने दिया. विजया की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष है.

शव के साथ सदर थाना क्षेत्र के दुगिला गांव के गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

# मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर सड़क जाम रखी

**शुभम संदेश । लातेहार**



सदर थाना क्षेत्र के दुगिला गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को मजदूर विनोद उरांव के शव के साथ जोरदार प्रदर्शन किया. विनोद की मौत बुधवार शाम कीनामाड़ इलाके में एक ट्रैक्टर और चेचिस की सीधी टक्कर में हो गई थी. इस हादसे में एक महिला रश्मि कुमारी भी गंभीर रूप से घायल हो गई. दोनों मजदूर नगर पंचायत की ओर से कचरा उठाने का कार्य कर रहे थे और एक प्राइवेट एजेंसी (एमएलबीसीपीएल, रांची) के अधीन कार्यरत थे.


बुधवार की शाम विनोद का शव सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन समय पर पोस्टमार्टम नहीं हुआ और घायल महिला को रांची भेजने के लिए एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं कराई गई. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी की. गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीणों ने धर्मपुर मोड़ पर शव के साथ सड़क जाम कर दिया. इसके बाद वे लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर थाना चौक होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और घेराव किया.

प्रदर्शनकारी ग्रामीण सदर अस्पताल की अव्यवस्थाओं को दूर करने, समय पर एंबुलेंस उपलब्ध कराने और एजेंसी की जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे थे. सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने अपनी मांगों पर अड़े रहे.

घटनास्थल पर पहुंचे नगर प्रशासक राजीव रंजन ने तत्काल राहत के रूप में मृतक के अंतिम संस्कार के लिए 50,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की और शेष राशि कागजी प्रक्रिया के बाद देने का आश्वासन दिया. उन्होंने मृतक के एक आश्रित को नौकरी देने की भी बात कही. आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर दिया. शव को अंतिम संस्कार के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई.

इस घटना ने प्रशासनिक तैयारियों और संवेदनशीलता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं. ग्रामीणों की एकजुटता और न्याय की मांग ने प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया.

# गढ़वा में तस्करों से 500 से अधिक गोवंशीय पशु बरामद, एक गिरफ्तार



**शुभम संदेश । गढ़वा**

गढ़वा जिला मुख्यालय के निकट गुरुवार की अलसुबह पुलिस ने तस्करों से करीब 500 से अधिक गोवंशीय पशु बरामद किए हैं. यह बड़ी कार्रवाई विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना के आधार पर की गई, बरामद सभी पशुओं को फिलहाल गढ़वा थाना परिसर में रखा गया .

जानकारी के अनुसार, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को पहले से पता था कि पशु तस्कर बड़े कंटेनर गाड़ियों में गोवंशीय पशुओं को उत्तर प्रदेश से गढ़वा लेकर आते हैं और वहां से इन्हें कच्चे रास्ते के माध्यम से जिले के बाहर तस्करी के लिए भेज दिया जाता है. गुरुवार को भी उन्हें कंटेनर में भरकर पशुओं के लाए जाने की सूचना मिली, जिसे उन्होंने पुलिस को तुरंत दिया. पुलिस ने नवादा गांव के रेलवे लाइन के पास कच्चे रास्ते से गोवंशीय पशुओं को बरामद किया. पशुओं को गढ़वा थाना लाने के दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों से उलझना पड़ा. इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. मोटरसाइकिल सवार दो युवक भागने में सफल रहे, जबकि एक युवक पुलिस हिरासत में लिया गया है.

सामाजिक कार्यकर्ता सोनू सिंह ने बताया कि इस कार्रवाई से गोवंशीय पशु तस्करी पर बड़ा नकेल कसा गया है, लेकिन तस्करों के खिलाफ और भी कदम उठाने की जरूरत है. गढ़वा थाना में मौजूद पुलिस अधिकारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फिलहाल कोई जानकारी साझा करने से इनकार किया है. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में गोवंशीय पशु तस्करी रोकने की उम्मीद बढ़ी है, और साथ ही साथ स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलने की संभावना है.

### 211 अखड़ा में पारंपरिक रीति-रिवाज से करम डाली की पूजा

**मेदिनीनगर ।** भादो शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को अद्दि कुड़ख सरना समाज पलामू के तत्वावधान में जिले के 211 अखड़ा में पारंपरिक श्रद्धा और भव्यता के साथ करम डाली (करम देव) की स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई. इस आयोजन में पलामू जिला के खुरा खुर्द, सेमरा, चैनपुर समेत विभिन्न प्रखंडों और गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए. पूजा का आयोजन आदिवासी रीति-रिवाज और परंपरा के अनुसार किया गया. गांव-गांव से बालक-बालिकाएं पारंपरिक गीत-संगीत और आदिवासी वाद्ययंत्रों जैसे मांदर, नागड़ा की थाप पर नाचते-गाते हुए करम डाली को अखड़ा तक लेकर आए. करम डाली को लाने का यह दृश्य न केवल सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम और प्रकृति के प्रति श्रद्धा को भी उजागर करता है. पूजा की शुरुआत पाहन (आदिवासी पुजारी) के नेतृत्व में की गई. उन्होंने अन्ना प्रार्थना करते हुए करम देव की पूजा करवाई. माता-पिता, भाई-बहन सहित सभी श्रद्धालु करम देव की आराधना में लीन रहे. पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने पूरी रात करम गीतों और नृत्य के माध्यम से करम देव की सेवा की और आशीर्वाद की कामना की.

# ग्रामीणों ने ढोल-मांदर की थाप पर किया उत्सव का स्वागत




**शुभम संदेश । सतबरवा**

बुधवार की रात सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में करमा पर्व पारंपरिक उल्लास, आस्था और सांस्कृतिक जोश के साथ मनाया गया. गांव-गांव में पूजा स्थलों पर महिलाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर एकत्रित हुईं और करम देवता की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की. भाई की लंबी उम्र और परिवार की समृद्धि की कामना को लेकर बहनों ने व्रत रखा. पूजा उपरांत करम डाल को घर-घर ले जाया गया. इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और ढोल-मांदर की थाप पर देर रात तक नृत्य और गीतों का कार्यक्रम चलता रहा. पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंग में सराबोर दिखा. सतबरवा के कुलिया, अधमनिया, काडादोहर और चपराना गांवों में शोभा यात्राएं निकाली गईं. वक्ताओं ने करमा को झारखंड की सांस्कृतिक विरासत बताते हुए कहा कि यह पर्व केवल रस, राग और ताल का नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है. यह पर्व जल, जंगल और जमीन से जुड़ी लोक संस्कृति को बचाने की प्रेरणा देता है. त्योहार को लेकर स्थानीय बाजारों में दिनभर रौनक रही. पूजा सामग्री, फल और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी. जगह-जगह ग्रामीणों ने सामूहिक करमा नृत्य कर माहौल को और भी जीवंत बना दिया. इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, मुखिया रिंकी यादव, महेश यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंहन, डब्लू उरांव, सिढु उरांव, दामोदर उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे. सभी ने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ग और हर उम्र के लोगों की सहभागिता देखने को मिली.

संगठन सृजन अभियान — एआईसीसी पर्यवेक्षक डॉ. अमी याज्ञिक का पलामू आगमन, कहा —

# कांग्रेस पार्टी में युवाओं को सक्रिय भूमिका देने पर जोर

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**

युवा कांग्रेस ने किया भव्य स्वागत



संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पलामू जिला पर्यवेक्षक और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अमी याज्ञिक सोमवार को पलामू पहुंचीं. उनके स्वागत के लिए युवा कांग्रेस नेता प्रशांत किशोर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दुबियाखांड़ में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया. इस दौरान प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस पार्टी के प्रति श्रद्धा जताई. डॉ. अमी याज्ञिक ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संगठनात्मक चुनाव आवश्यक हैं. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने और कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया. डॉ. याज्ञिक ने बताया कि कांग्रेस युवाओं को पार्टी में सक्रिय भूमिका देने पर जोर दे रही है, जिससे पार्टी और मजबूत होगी. उन्होंने पलामू के युवाओं के उत्साह की प्रशंसा की और कहा कि युवा कांग्रेस पार्टी के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं. युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को आगे लाना जरूरी है. यदि उन्हें जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी जाती है, तो वे पूरी लगन से पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे. इस अवसर पर अरुण सिंह, राजेंद्र पांडेय, दया सिंह, अशोक सोनी, मनोज कुमार, रंजीत सिंह, रवींद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### लायंस क्लब मेदिनीनगर का हेल्थ जांच कैंप 7 को

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला प्रशासन और लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 7 सितंबर (रविवार) को टाउन हॉल परिसर में सुबह 11 बजे से मेगा हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया जाएगा. यह शिविर विशेष रूप से नगर निगम एवं सफाई कर्मियों और उनके परिवार के लिए है, जो सेवा में व्यस्त रहते हैं और स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते. डाल्टेनगंज व अन्य शहरों से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शिविर में हड्डी, न्यूरो, हृदय, शिशु, स्त्री, त्वचा, दंत, फिजियोथेरेपी आदि क्षेत्रों में सेवा देगी. ब्लड शुगर, बीपी जांच और परामर्श की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी. मुख्य अतिथि डीडीसी मोहम्मद जावेद हुसैन होंगे. क्लब अध्यक्ष गुरबीर सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हैं और जरूरतमंदों को निशुल्क परामर्श व इलाज उपलब्ध कराया जाएगा.

## एक नजर

### दसलक्षण पर्व पर उत्तम त्याग धर्म का महत्व बताया

**मेदिनीनगर।** दसलक्षण पर्व के अवसर पर अन्नू भैया ने जैन धर्म के दस उत्तम धर्मों में से एक उत्तम त्याग धर्म का विशेष महत्व बताया. उन्होंने कहा कि यह त्याग केवल भौतिक वस्तुओं का नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म में बसी सभी प्रकार की आसक्ति, मोह और क्रोध का परित्याग है. उत्तम त्याग से व्यक्ति को मानसिक शांति, संतोष और आंतरिक स्वतंत्रता मिलती है, जो मोक्ष की ओर अग्रसर करती है.पर्व के दौरान सौधर्म इंद्र सुभाष कुमार रारा एवं श्रावक श्रेष्ठी धर्म चंद जी ने प्रथम कलश और शांतिधारा किया. सभी ने चार प्रकार के दान—आहार, औषधि, अभय और ज्ञान दान का संकल्प लिया. अध्यक्ष सरस जैन ने बताया कि जैन समाज द्वारा निशुल्क होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक इलाज की सुविधा भी दी जा रही है. पूजन में कई श्रद्धालु उपस्थित थे.

### बराही में बिजली आपूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान

**महुआडांड़ (लातेहार)।** बराही गांव में पिछले एक साल से बिजली आपूर्ति बंद है. गांव में लगे दोनों ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली सप्लाई बाधित है. ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और बिजली विभाग को लिखित आवेदन देकर नए ट्रांसफार्मर लगाने और तारों की मरम्मत की मांग की है. प्रिया देवी, बंसती देवी, कजर मुण्डा समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कृषि कार्य भी बाधित हो गया है. साथ ही रात में सांप और जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है. ग्रामीणों ने महुआडांड़ बिजली सब स्टेशन में आवेदन देकर जल्द समाधान की अपील की है. अगर समय रहते समस्या का निवारण नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

### सर्पदंश से बच्ची की हो गयी मौत, शोक की लहर

**महुआडांड़ (लातेहार) ।** दुरूप पंचायत के हरतुवा ग्राम में आठ वर्षीय श्रुति कुमारी की सर्पदंश से दुखद मौत हो गई. बुधवार को करमा पर्व के कारण घर में अकेली थी, जब वह मवेशी खोलने गई तो सांप ने उसे डस लिया. शाम को परिजन लौटे तो बच्ची की हालत खराब थी. झाड़-फूंक कराने के बाद गुरूवार सुबह इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई. डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा. महुआडांड़ सीओ संतोष बैठा ने बताया कि सर्पदंश से मौत पर मुआवजा मिलता है. पोस्टमार्टम और अन्य कागजात जमा होने के बाद आपदा प्रबंधन विभाग पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये मुआवजा देगा. परिवार सदमे में है और परिजन रो-रोकर बुरी तरह टूट गए हैं.

### बालूमाथ में करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया

**बालूमाथ (लातेहार)।** आदिवासी संस्कृति का महत्वपूर्ण प्राकृतिक पर्व करमा पूजा बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया. यह पर्व भाई-बहन के प्रेम और स्नेह को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश देता है. करमा और धरमा इस त्योहार के मुख्य देवता हैं, जिनकी पूजा श्रद्धा से की जाती है. बहनें इस दिन व्रत रखकर अपने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं. रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर महिलाएं करमैती करम के पत्ते पर खीरा रखकर पूजा करती हैं, जो पुत्र का प्रतीक माना जाता है. खीरे को करम देव की शाखा में सजाकर स्वस्थ पुत्र की कामना की जाती है. करमा झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है, जिसे आदिवासी एवं सदान मिलकर सदियों से मनाते आ रहे हैं. यह पर्व सदाचार, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है. वृहस्पतिवार को करम डाली का विसर्जन भी किया गया.

### कई शैक्षणिक संस्थानों ने शिक्षक दिवस मनाया

**बरवाडीह (लातेहार)।** ईद मिलादुन्नबी के अवकाश के कारण गुरुवार को कई शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस, मटका फोड़ जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए. बच्चों ने स्कूल निदेशक डॉ. पवन कुमार और प्रिंसिपल शांतनु डे के साथ मिलकर केक काटा और शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया. डॉ. पवन ने कहा कि शिक्षक समाज के सबसे बड़े सेवक हैं, जो छात्रों के भविष्य के लिए समर्पित रहते हैं. उन्होंने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग को बच्चों की पढ़ाई में बड़ी समस्या बताया और अभिभावकों व शिक्षकों से समय रहते इसे नियंत्रित करने का आह्वान किया.

### जर्जर सड़क की पूजा समिति ने की मरम्मत की मांग

**बरवाडीह (लातेहार) ।** धनबाद डिविजन में विशिष्ट पहचान रखने वाले बरवाडीह रेलवे क्लब की मुख्य सड़क हालिया भारी बारिश के चलते पूरी तरह जर्जर हो चुकी है. इस खराब सड़क के कारण स्थानीय लोगों और आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. गौरतलब है कि बरवाडीह रेलवे क्लब में धनबाद डिविजन की सबसे भव्य दुर्गा पूजा आयोजित होती है, जहां सप्तमी से दशमी तक हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं. लेकिन क्लब तक पहुंचने वाली सड़क की बदहाल स्थिति रेल प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती है. दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई, तो पूजा के दौरान भीड़ में लोगों को चलना-फिरना मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने रेलवे के उच्चाधिकारियों से अविलंब सड़क मरम्मती की मांग की है ताकि पर्व के आयोजन में कोई बाधा न आए.

### मुहिम में कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड का समर्थन

**उंटारी रोड (पलामू) ।** कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड, पलामू के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि देश और राज्य की प्रगति भ्रष्टाचार मुक्त शासन-प्रशासन पर ही निर्भर है. उन्होंने सरकार द्वारा पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों का स्वागत किया. अरविंद कुमार ने कहा कि घूसखोरी, भाई-भतीजावाद और तिकड़मी अफसरशाही लोकतंत्र की नींव को कमजोर करती है. जब तक इन पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, जनता को उसका हक नहीं मिल सकता. उन्होंने सरकार से भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों पर कड़ी कार्रवाई और ईमानदार कर्मियों को प्रोत्साहन देने की मांग की. साथ ही जनता से अपील की कि वे भी साहस के साथ भ्रष्टाचार की शिकायत करें और व्यवस्था सुधार में भागीदार बनें. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड सदैव जनता की आवाज़ रही है और भ्रष्टाचार के खिलाफ हर सकारात्मक पहल का समर्थन करती रहेगी.

### मनोज लकड़ा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन



**लातेहार।** जिला अभियोजन कार्यालय में पदस्थापित अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार लकड़ा का खूंटी स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह आयोजित किया गया. समारोह में लकड़ा ने नव नियुक्त अपर लोक अभियोजक शिव शंकर राम को पदभार सौंपा. लोक अभियोजक ओम कुमार ने श्री लकड़ा के सौम्य स्वभाव और ईमानदारी से कार्य करने की प्रशंसा की. सहायक लोक अभियोजक आरएन चौरसिया ने बताया कि स्थानांतरण सरकारी प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन श्री लकड़ा ने अपने अल्पकालीन कार्यकाल में अपनी एक अलग पहचान बनाई . जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने भी उनके मित्रवत व्यवहार और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली की सराहना की. वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि लकड़ा ने सदैव न्याय दिलाने का प्रयास किया और अधिवक्ताओं से मधुर संबंध बनाए रखे. नव नियुक्त अपर लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने कार्यों की निष्ठा पर जोर देते हुए सहयोग की बात कही. समारोह में लोक अभियोजक कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने लकड़ा को उपहार और शॉल भेंट कर सम्मानित किया और नवागत शंकर राम का स्वागत किया. मौके पर एएसआई अरविंद कुमार एवं कार्यालय कर्मी शंकर उरांव भी उपस्थित थे.

### जन सुविधाओं को लेकर लोहरदगा सांसद डॉ. सुखदेव भगत ने हिंडालको को लगाई फटकार

# तय समय पर काम नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी

**शुभम संदेश । लोहरदगा**



पाखर माइंस की जर्जर सड़क और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर लोहरदगा सांसद डॉ. सुखदेव भगत ने शुक्रवार को पाखर माइंस का औचक निरीक्षण किया और वहां की स्थिति देखकर नाराजगी जताई. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर हिंडालको ने निर्धारित समय सीमा में कार्य नहीं पूरा किया, तो सीधी कार्रवाई की जाएगी.

सांसद ने कहा कि हाल ही में दिशा की बैठक में पाखर माइंस की बदहाल सड़कों का मामला उठा था. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि लगभग 3 किलोमीटर सड़क कीचड़ और गड्ढों से भरी है, जहां पैदल चलना भी मुश्किल है. स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि हिंडालको वर्षों से बॉक्साइट का उत्खनन कर रहा है, लेकिन आज तक क्षेत्र को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल सकीं.

ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल, स्वास्थ्य और बिजली की हालत बेहद खराब है. स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन तो 6 महीने पहले बन गया, लेकिन कोई नर्स नहीं आती. झरनों से पानी पीना मजबूरी है और बिजली जाने पर महीनों तक आपूर्ति बहाल नहीं होती. सांसद ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के बाद हिंडालको माइंस मैनेजर और एचआर विभाग को तत्काल तलब किया. उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, "काम के लिए समय तय करें और वादा निभाएं, वरना कार्रवाई तय है." जवाब में अधिकारियों ने भरोसा दिया कि 17 सितंबर तक सड़क की मरम्मत पूरी कर दी जाएगी.

हिंडालको के वरीय पदाधिकारी भी पाखर पहुंचे और सांसद से मिलकर समस्याओं पर चर्चा की. सांसद ने कहा कि पाखर से प्राप्त डीएमएफटी फंड का उपयोग सड़क और जल समस्याओं के समाधान में किया जाएगा, इसके लिए वे उपायुक्त से वार्ता करेंगे. सांसद ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र जल्द चालू करें और नर्स की तैनाती सुनिश्चित करें.

मौके पर इंटक यूनियन के आलोक कुमार साहू, सांसद प्रतिनिधि दयानंद पुर, हिंडालको के अधिकारी शत्रुजीत, माइंस मैनेजर जितेंद्र जी समेत कई ग्रामीण और प्रतिनिधि उपस्थित थे. यह दौरा स्थानीय जनता की लंबे समय से उपेक्षित समस्याओं पर ध्यान दिलाने और उन्हें तत्काल हल करने की दिशा में अहम पहल साबित हुआ है.

### रांची जिला जमीयत उलेमा के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत, मानवता की सेवा को बताया उद्देश्य

**इटकी ।** जमीयत उलेमा ए हिंद जिला रांची के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया. मदरसा दीनीया अरबिया गुलाम टोली में फीता काटकर और फूल माला, शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन हुआ. जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी और महासचिव हाजी शाह उमैर ने जमीयत के मंच से मानवता की सेवा को अपना उद्देश्य बताया. उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के बलिदान को आगे बढ़ाना हमारा फर्ज है. इस अवसर पर तकमील हिफ्ज कुरान का आयोजन भी हुआ, जिसमें हाफिज मो आसिम को सम्मानित किया गया. उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में दो वर्ष में पूरा कुरान याद किया. मौके पर जमीयत के कई प्रमुख पदाधिकारी और सैकड़ों लोग मौजूद थे. स्वागत समारोह में संगठन की एकजुटता और भविष्य में जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी जताया गया.

### बेटी को लेने पूजा स्थल जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**गुमला ।** जिला के डुमरी थाना क्षेत्र के हड़सरी गांव निवासी अनुज लकड़ा (32 वर्ष) की बुधवार रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. बताया गया कि अनुज अपनी बेटी को लेने करमा पूजा स्थल जा रहे थे. इसी दौरान हड़सरी मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई. दुर्घटना की सूचना पूजा कर लौट रहे लोगों ने डुमरी थाना को दी. सूचना पाते ही एसआई मनोज कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया. इस हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है. मृतक के परिवार वाले बिलख-बिलख कर रो रहे हैं और ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध हैं. पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए लगातार जांच में जुटी हुई है ताकि मामले का जल्द खुलासा हो सके.

### जीएसटी हटाने के फैसले का बीमा कर्मचारी संघ ने किया स्वागत

**गुमला ।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर से जीएसटी हटाने के निर्णय का स्वागत किया है. संघ की बैठक में कहा गया कि यह बीमा धारकों और एजेंटों के लिए बड़ी राहत है और यह लंबे समय से की जा रही मांग थी. ज्ञात हो कि जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में यह फैसला लिया गया, जिसे जनहित में एक ऐतिहासिक कदम बताया गया. संघ के अनुसार 2017 से इस मांग को लगातार उठाया जा रहा था. वर्ष 2023 में संघ ने देशभर के 400 से अधिक सांसदों से मिलकर ज्ञापन सौंपा था. गुमला शाखा के नेताओं सेत कुमार एक्का, सीताराम रजक और आशीष कुमार ने लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत से भी इस विषय पर बात की थी, जिन्होंने संसद में बीमा धारकों के हित में अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रखी. संघ ने सभी सांसदों के प्रति आभार प्रकट किया है.

# कार्यकर्ताओं की सलाह पर ही होगा अध्यक्ष का चयन : नेताम

**शुभम संदेश । रांची**



कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की विशेष बैठक गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने की। इस बैठक में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक और जिला कमिटी के पदाधिकारी उपस्थित थे.

बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में राज्यसभा सांसद और जिला पर्यवेक्षक फुलो देवी नेताम ने कहा कि अहमदाबाद अधिवेशन के बाद कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती के लिए ₹संगठन सृजन अभियान₹ की शुरुआत की है, जो पूरे देश में चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में उन्हें रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है.

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत वे पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड और विधानसभा स्तर तक कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगी और उनकी राय के आधार पर नए जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा. साथ ही कार्यकारिणी समितियों के पुनर्गठन और राजनीतिक मामलों की समितियों के गठन पर भी काम किया जाएगा ताकि स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय मुद्दों तक सुव्यवस्थित राजनीतिक संवाद हो सके।

**सत्ता के विकेंद्रीकरण पर विशेष जोर :** फुलो देवी नेताम ने जोर देकर कहा कि संगठन सृजन अभियान का मूल उद्देश्य सत्ता का विकेंद्रीकरण करना है। इसके तहत एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला और युवा कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में स्थान देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और ऐसे नेताओं को सामने लाएं जिनमें संगठन, विचारधारा और नेतृत्व की क्षमता हो.

**कांग्रेस को पंचायत स्तर तक मजबूत करने का लक्ष्यः** राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि असम में कांग्रेस पार्टी पंचायत स्तर तक काफी मजबूत है, जहां पंचायत स्तरीय रैलियों में भी कार्यकर्ताओं की अच्छी भागीदारी होती है। झारखंड में भी संगठन को इसी दिशा में मजबूती देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**पांच में से पांच सीट जीतना गौरव की बातः डॉ. महतोः** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राकेश किरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि उनके कार्यकाल में विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को ग्रामीण क्षेत्रों की छह में से पांच विधानसभा सीटों पर जीत मिली है, जो पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इसके लिए धन्यवाद दिया.

इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, जिला पर्यवेक्षक परविंदर सिंह, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, बेलस तिर्की, सुनील सहाय, माधो कच्छप, सुनील उरांव समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रखंड अध्यक्षों में संजर खान, सहाबीर लोहरा, साबिर अंसारी, तुलसी खरवार, एतवा उरांव, मंगा उरांव, मो. इश्तियाक सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी ने एकजुटता से संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई.

### विप्र फाउंडेशन ने शिक्षा क्षेत्र में नई मिसाल कायम की

- कल जयपुर में श्री परशुराम ज्ञान पीठ का उद्घाटन



**रांची।** विप्र फाउंडेशन ने जयपुर में श्री परशुराम ज्ञान पीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च सेंटर की स्थापना कर शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. इस केंद्र का उद्घाटन छह सितंबर को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे. यह रिसर्च सेंटर युवाओं को शिक्षा, संस्कार और रोजगार के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करेगा.केंद्र के तहत कौशल विकास, गर्ल्स एग्जाम ट्रेनिंग, गर्ल्स हॉस्टल, वेदिक रिसर्च, कोचिंग क्लासेस और पुरोहित प्रशिक्षण जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी. विप्र फाउंडेशन झारखंड ज़ोन 6 के उपाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत ने बताया कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति में धर्म, ज्ञान और शक्ति के प्रतीक हैं, और उनका जीवन संयम, संकल्प और न्याय का संदेश देता है.श्री परशुराम ज्ञान पीठ के माध्यम से युवाओं को आईएएस, आईपीएस जैसे उच्च पदों पर पहुंचाने का लक्ष्य है, ताकि समाज की नींव मजबूत हो सके. उद्घाटन समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों से विप्र फाउंडेशन के सदस्य भी भाग लेंगे. संस्थापक सुशील ओझा सहित पदाधिकारियों की 16 वर्षों की मेहनत से यह केंद्र समाज को समर्पित किया जा रहा है.

## एक नजर

### गुमला में हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार, जेल गया

**गुमला ।** थाना क्षेत्र के वसुआ पतरा से चंपा उरांव के शव बरामद मामले में पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के बाद नेयाशीद बक्स को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया. नेयाशीद बक्स फोरी का रहने वाला है. मंगलवार की शाम दोनों साथ में शराब पीने के बाद पतरा के पास मछली मारने गए थे. अगले दिन चंपा उरांव का शव गले में चोट के साथ मिला था.

### कुटमू में धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी

**लोहरदगा ।** नेशनल पब्लिक स्कूल कुटमू में ईद ए मिलादुन्नबी के पवित्र अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस मौके पर केरात, नातिया कलाम, तकरीर व इस्लामी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा अलीशा नाज द्वारा तिलावते कुरान से की गई. मुख्य अतिथि कारी वसीम रजवी ने कहा कि यह दिन पूरी दुनिया के लिए मुबारक है, जब नबी-ए-करीम (स. अ.) इस दुनिया में तशरीफ लाए. उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब की शिक्षाएं इंसानियत और रहमत का पैगाम हैं.

### रातू में दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**रातूगढ़ ।** के निकट शाम के समय दो मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं. जेएच 01 बी 4909 और जेएच 01 ईएन 2251 नंबर की बाइकें विपरीत दिशा से आ रही थीं और जोरदार टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों का इलाज आसपास के विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. घायल युवकों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई जारी है.

### बिरसा जैविक उद्यान की मादा जिराफ 'मिष्टी' की मौत

**ओरमांझी ।** राजधानी रांची के ओरमांझी स्थित प्रसिद्ध भगवान बिरसा जैविक उद्यान की 'मिष्टी' नहीं रही. जैविक उद्यान की इकलौती मादा जिराफ की बुधवार देर रात मौत हो गयी. अपने बाड़े में फिसलकर गिरने की वजह से उसकी मौत हुई. गुरुवार को रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एमके गुप्ता के नेतृत्व में उद्यान परिसर में पशु चिकित्सकों की एक टीम ने 'मिष्टी' का पोस्टमार्टम किया. गहन जांच के लिए मादा जिराफ के विभिन्न अंगों का सैंपल लेकर रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया है. 8 अगस्त को कोलकाता से आयी थी मादा जिराफ मादा जिराफ मिष्टी को 8 अगस्त 2025 को जैविक उद्यान चकला ओरमांझी लाया गया था.

### करमा पूजा देखने गए ग्रामीण के घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**गुमला ।** थाना क्षेत्र के धोधरा टंगराटोली में सुधु पाहन के घर में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. सुधु पाहन और उनका परिवार करमा पूजा देखने के लिए गांव के ही एतवा उरांव के घर गए थे. कुछ ही देर बाद, घर से धुआं उठता देख ग्रामीणों ने सूचित किया. जब सुधु पाहन और ग्रामीण घर पहुंचे, तो देखा कि घर के एक कमरे में आग धधक रही थी. ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया. जांच में पता चला कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है.幸दूसरी ओर, घर में कोई नहीं था इसलिए किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ. हालांकि, घर का कुछ सामान जल गया है, जिससे लगभग 50 हजार रुपये की आंशिक क्षति हुई है.

### सड़क हादसे में पलामू के जगुवार जवान की मौत

**रातू ।** थाना क्षेत्र के झीरी डंपिंग यार्ड रिंग रोड में सड़क दुर्घटना में पलामू के निवासी सच्चिदानंद सिंह की मौत हो गई. वे झारखंड जगवार पद में थे. विपरीत दिशा से आ रही ऑटो के टक्कर लगने से उनकी दर्दनाक मौत हुई. यह स्थान दुर्घटनाओं के लिए जाना जाता है, क्योंकि नगर निगम की कचरा गाड़ी सड़क का आधा हिस्सा अवरुद्ध कर देती है. इसके अलावा, बड़े वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए विपरीत दिशा से लौटते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है. आसपास के मोहल्लेवासी बताते हैं कि रिंग रोड होने के बावजूद सड़क के किनारे कोई दूसरा रास्ता नहीं है. गैरेज संचालक सड़क में झोपड़ी बनाकर खुलेआम कारोबार कर रहे हैं, जो हादसों की आशंका को और बढ़ाता है. नगर निगम प्रशासन की उपेक्षा के कारण यहां सुरक्षा का इंतजाम नहीं हो पाया है.

### जुलूस-ए-मोहम्मदी आज, शराब दुकान बंद रखने की मांग

**गुमला ।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शुक्रवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी का आयोजन होगा. कांग्रेस मीडिया चेयरमैन आरिफ हुसैन अख्तर ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से इस दिन शराब दुकानें पूरी तरह बंद करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि जुलूस-ए-मोहम्मदी अमन, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देता है, इसलिए शराब की बिक्री धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकती है.

### तमाड़ आईटीआई में 2025 बैच के प्रशिक्षुओं का प्रेरण समापन

**तमाड़ ।** रांची-टाटा मार्ग सलगाडीह स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 2025 बैच के फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर और वेल्डर ट्रेड के नव प्रवेशित लगभग 140 प्रशिक्षुओं के लिए सात दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. चार सितंबर को संस्थान के सभागार में इस कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह हुआ. समारोह के मुख्य अतिथि तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा थे. इस अवसर पर त्रिवेणी अर्थमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड और गर्ग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के अधिकारी भी उपस्थित थे. प्रमुख अतिथि के रूप में टाटा स्टील फाउंडेशन के कैप्टन अमिताभ और बृज किशोर सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया. मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संस्थान की प्रशिक्षण और प्लेसमेंट पहल की प्रशंसा की और प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया. तमाड़ आईटीआई के प्रधानाचार्य विशाल आनंद ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.

# खूंटी में छह दिवसीय गणेश महोत्सव का भव्य समापन

**शुभम संदेश । खूंटी**



खूंटी बिरसा वाहिनी फाउंडेशन के तत्वावधान में खूंटी जिला मुख्यालय में आयोजित छह दिवसीय गणेश महोत्सव का गुरुवार को भव्य समापन हुआ. 26 अगस्त से शुरू हुआ यह महोत्सव खूंटी और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के साथ उत्साह और श्रद्धा से संपन्न हुआ. यह आयोजन खूंटी के धार्मिक-सांस्कृतिक परिचय को और मजबूती प्रदान करने वाला रहा.

गणपति बप्पा के भव्य आगमन के साथ शुरू हुए महोत्सव में छह दिन तक विधिपूर्वक पूजा-अर्चना, संध्या आरती और महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. सीआरपीएफ 94 बटालियन के अधिकारी और जवान भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक शामिल हुए. महोत्सव के अंतिम दिन गणपति की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया गया, जो बाजार टांड़ स्थित पंडाल से शुरू होकर खूंटी मुख्य मार्ग होते हुए साहू तालाब तक गई. शोभायात्रा में आतिशबाजी और प्रेम ताशा ग्रुप का संगीत प्रमुख आकर्षण रहा. बिरसा वाहिनी फाउंडेशन की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रिया मुंडा ने पूरे महोत्सव को मिले जनसमर्थन के लिए खूंटीवासियों का आभार व्यक्त किया और गणपति बप्पा से झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की. कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यम मिश्रा, शुभम कुमार, चेतन मिश्रा, गुलिट मिश्रा सहित कई अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# खूंटी में परंपरा के तहत हर्षोल्लास के साथ विसर्जित हुईं करम की डालियां

**शुभम संदेश । खूंटी**



खूंटी सरना धर्म सोतो समिति केंद्र डोंगड़ा में करम पर्व बुधवार की रात धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. गुरुवार को सभी करम डालियों को विधि-विधान से जलाशयों में विसर्जित कर दिया गया. धर्मगुरु बगरय ओड़ेया और भैयाराम ओड़ेया के नेतृत्व में भगवान सिङबोंगा की पूजा-अर्चना कर समाज में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई. इस मौके पर अखड़ा में नौ प्रकार के बीजों से तैयार जावा और करम डाली स्थापित की गई. जावा फूल को सौहार्द और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है. पुरुषों ने इसे कान में और महिलाओं ने बालों में लगाकर एक-दूसरे को करम पर्व की शुभकामनाएं दीं. पूरे रात्रि अखड़ा में गीत-संगीत और नृत्य का कार्यक्रम चलता रहा.

धर्मगुरु सोमा कंडीर ने करम कथा के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया कि करम केवल त्योहार नहीं, बल्कि जीवन को समृद्ध बनाने का अवसर है. यह आत्मचिंतन और गलतियों को सुधारने का दिन है. करम पर्व समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का संदेश देता है तथा ऊंच-नीच, लोभ, लालच और अहंकार जैसी बुराइयों को दूर करता है.

कार्यक्रम में बिरसा कंडीर, मंगा ओड़ेया, सुखराम पुर्ती, सुगना पहान, टुटी ओड़ेया, नरनसिंह तोपनो, मधियाना धान, जीतनाथ पहान, बुधराम मुंडा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

वहीं, जोजो टोली अखड़ा में भी सार्वजनिक करम पूजा महोत्सव का आयोजन हुआ. इस अवसर पर सुगुन दास मुंडा, सुभासिनी पुर्ति, मथुरा कंडीर, मदन मोहन मिश्रा, योगेस वर्मा, विश्राम टुटी, गोमा तोपनो, आनंद तिड़, फागु मुंडा, वीणा तिर्की, तुलसी तोपनो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे. इस आयोजन में भी करम पर्व की परंपरा और सांस्कृतिक महत्व को बखूबी दर्शाया गया.

## पेज एक का शेष

### आम आदमी को कटौती का फायदा...

अब तो मुनाफाखोरी रोकने वाला कानून भी खत्म! : 2022 में एमएए को बंद कर दिया गया और 2025 से मुनाफाखोरी की शिकायतें लेना भी बंद हो चुका है. यानी अब कंपनियों के सिर पर कानून का डंडा भी नहीं है. तो सवाल और भी बड़ा हो गया है-बिना किसी दबाव के क्या कंपनियां खुद से दाम घटाएंगी?

कंपनियों का पुराना बहाना- लागत बढ़ गई है

हर बार जब टैक्स घटता है, कंपनियों का जवाब होता हैः लागत बढ़ गई है, इसलिए कीमतें नहीं घटा सकते. चाहे पेट्रोल हो, पैकेजिंग हो या मजदूरी- कंपनियां कुछ न कुछ कारण गिना देती हैं. और चूंकि भारत में मुनाफाखोरी की कोई एक तय मापदंड नहीं है, इसलिए कंपनियों के पास बहाना देने के बहुत मौके रहते हैं. उपभोक्ताओं को पता ही नहीं चलता कि उन्हें फायदा मिलना चाहिए था : यह भी एक बड़ी समस्या है. आम उपभोक्ता को नहीं पता होता कि सरकार ने जीएसटी कम किया है और इसका फायदा उन्हें मिलना चाहिए. न कोई जागरूकता अभियान, न कोई रसीद पर जानकारी, बस कंपनियां चुपचाप दाम वही रखती हैं और ग्राहक कुछ पूछ भी नहीं पाता.

क्या सरकार दोबारा कानून लाने वाली है? : बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट बताती है कि सरकार दो साल के लिए एंटी-प्रोफिटियरिंग प्रावधान फिर से लाने पर विचार कर रही है, ताकि टैक्स कटौती का फायदा कंपनियां खुद न रख सकें. ये विचार इसलिए आ रहा है क्योंकि कई राज्य सरकारें और खुद जीएसटी काउंसिल के सदस्य भी अब इस मुद्दे पर चिंता जता चुके हैं.जीएसटी काउंसिल की बैठक में मुनाफाखोरी पर चिंता : हाल ही में केरल और उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्रियों ने जीएसटी काउंसिल की बैठक में मुनाफाखोरी पर चिंता जताई. उन्होंने साफ कहा कि टैक्स दर घटते ही कंपनियां दाम बढ़ा देती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को कोई लाभ नहीं मिलता. मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह मुद्दा खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने भी उठाया गया. जीएसटी स्लैब बदले, कर दरें घटीं... पर दूध, दवा, चीज के दाम वही : सरकार ने हाल ही में जीएसटी स्लैब को भी सरल बनाया है. 12% और 28% वाले स्लैब खत्म कर दिए गए. अब सिर्फ 5%, 18% , और 40% के स्लैब रह गए हैं. दूध, पनीर, दवाइयां, छोटे वाहन, पैकेज्ड फूड जैसी रोजमर्रा की चीजों पर जीएसटी कम कर दिया गया है. पर इन उत्पादों के दाम नहीं घटे, क्योंकि कंपनियों ने या तो आधार मूल्य (बेस प्राइस) बढ़ा दिया या लागत बढ़ने का बहाना बनाकर मुनाफा अपने पास रख लिया.

**आखिर क्यों नहीं पहुंचता लाभ?**

भारत में मुनाफाखोरी की कोई एकसमान गणना पद्धति नहीं है. कंपनियां तर्क देती हैं कि उनकी लागत बढ़ गई, इसलिए कीमतें नहीं घटाईं. उपभोक्ताओं को जानकारी ही नहीं होती कि जीएसटी कटौती का उन्हें फायदा मिलना चाहिए. ऑस्ट्रेलिया जैसे देश जीएसटी लागू करने से पहले एक साल तक जागरूकता अभियान चलाते हैं, भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ. लेकिन यह धारणा कि मुनाफाखोरी के मामले खत्म हो गए हैं, उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के अनुभवों से मेल नहीं खाती है. कई उदाहरणों से पता चलता है कि कॉरपोरेट्स ने कर छूट का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के बजाय अपने मुनाफे को बढ़ाया है. मिंट की एक रिपोर्ट बताती है कि केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल और उत्तरप्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हाल ही में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठकों में मुनाफाखोरी पर चिंता जता चुके हैं. जीएसटी काउंसिल की अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ इस मामले में चर्चा भी हो चुकी है. और प्रदेशों के वित्त मंत्रियों का भी मानना है कि टैक्स में कटौती होते ही आमतौर पर कंपनियां अपने उत्पादों के दाम बढ़ा देती हैं. जिससे इसका फायदा आम आदमी को नहीं मिल पाता है.

**अब क्या करें उपभोक्ता?**

इस वक्त कोई प्रभावी तंत्र नहीं बचा, जहां उपभोक्ता शिकायत कर सकें. जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल को जरूर मुनाफाखोरी से जुड़े मामले सौंपे गए हैं, लेकिन उसकी प्रभावशीलता बहुत सीमित रही है. सरकार को चाहिए कि मुनाफाखोरी पर फिर से कानून लाए, उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता अभियान चलाए और ट्रिब्यूनल को मजबूत करे, ताकि जीएसटी दरों में कटौती का असली लाभ आम जनता को मिले, ना कि कंपनियों को.

**आज तक से साभार**

**प्रेरणा** — गुमला में मछलीपालन से बदली ग्रामीणों की जिंदगी

# किसान कमा रहे सालाना एक से दो लाख

**निर्मल सिंह . गुमला**





गुमला जिले में मत्स्य पालन ग्रामीण आजीविका का मजबूत माध्यम बन गया है. बसिया प्रखंड के नारेकेला में 20 ग्रो आउट तालाबों का निर्माण किया गया है. यहां स्थानीय ग्रामीण संगठित रूप से मछली पालन कर रहे हैं. उग्रवाद प्रभावित धन सिंह जलाशय में केज कल्चर योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है. जलाशय में विशेष केंद्रीय सहायता से 48 केज बनाए गए हैं. इनमें 6 समितियां सामूहिक रूप से काम कर रही हैं. इससे 300 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए है. प्रत्येक समिति के सदस्य सालाना 1से 2 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा कमा रहे हैं. प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत बसिया के कुम्हरिया गांव में लघु फिश फीड मिल स्थापित की गई है. ज्योति लकड़ा द्वारा स्थापित इस मिल में उच्च गुणवत्ता वाले फीड का उत्पादन होता है. मिल से 20-25 ग्रामीणों को रोजगार मिला है. ज्योति को वार्षिक 8-10 लाख रुपये की आय हो रही है. उनका 5 लाख का मछुआरा दुर्घटना बीमा भी कराया गया है. धन सिंह जलाशय में स्थापित केज योजना जिले के लिए एक मॉडल बन गई है. समितियों ने तीन फसल चक्रों में लाखों की मछली बिक्री की है. एक समिति ने 6.60 लाख रुपये की आमदनी से चार पहिया वैन खरीदी है. इस योजना से मत्स्य कृषकों को हर चक्र में एक से डेढ़ लाख रुपये की शुद्ध आय हो रही है. उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित के अनुसार मछली पालन से पलायन में कमी आई है. स्थानीय स्तर पर मछली की उपलब्धता से कुपोषण के स्तर में भी सुधार हुआ है. उनका कहना है कि मछली पालन अब सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि सशक्त ग्रामीण आजीविका का माध्यम बन गया.

### सर्विस रिकॉर्ड में जन्मतिथि सुधार का दावा अधिकार नहीं, झारखंड हाईकोर्ट ने अपील याचिका खारिज की

**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए स्पष्ट किया है कि सर्विस रिकॉर्ड में जन्मतिथि में सुधार का दावा अधिकार के रूप में किया नहीं जा सकता, चाहे प्रमाणिक दस्तावेज जैसे मैट्रिक सर्टिफिकेट ही क्यों न हों. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने बीसीसीएल के दो कर्मचारियों की अपील याचिकाएं खारिज कर दीं, जिन्होंने दो दशक बाद और सेवानिवृत्ति के निकट जन्मतिथि में सुधार की मांग की थी.

पहले मामले में, कर्मचारी की नियुक्ति के समय मैट्रिक प्रमाणपत्र में जन्मतिथि 5 अक्टूबर 1965 दर्ज थी, लेकिन सर्विस रिकॉर्ड में मेडिकल परीक्षण के आधार पर उनकी आयु 24 वर्ष मानकर जन्मतिथि 7 मई 1962 अंकित की गई. उन्होंने मार्च 2007 में सुधार की मांग की, लेकिन अस्वीकृति के बाद 2022 में सेवानिवृत्त हो गए. दूसरे मामले में, कर्मचारी के प्रमाणपत्र में जन्मतिथि 7 जून 1966 थी, जबकि सर्विस रिकॉर्ड में 27 जून 1964 दर्ज थी. उन्होंने नवंबर 2013 में आपत्ति जताई, लेकिन 2020 में उनका दावा खारिज कर दिया गया.

कोर्ट ने कहा कि इतनी देर से (20 वर्षों से अधिक) जन्मतिथि सुधार की मांग स्वीकार्य नहीं है, खासकर जब नियुक्ति के समय कर्मचारी ने सर्विस रिकॉर्ड पर बिना आपत्ति के हस्ताक्षर कर दिए हों. साथ ही, जन्मतिथि सुधार केवल ठोस और स्पष्ट दस्तावेजों के आधार पर ही किया जा सकता है, न कि सिर्फ प्रमाणपत्रों के आधार पर. हाईकोर्ट ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बनाम श्याम किशोर सिंह और शिव कुमार दुशाद बनाम बीसीसीएल जैसे पुराने मामलों का हवाला देते हुए कहा कि सेवा में आने के दशकों बाद जन्मतिथि सुधार की मांग तब स्वीकार नहीं की जाएगी, जब नियोक्ता ने उम्र निर्धारण के लिए उचित नियमों का पालन किया हो. इस प्रकार, सर्विस रिकॉर्ड में जन्मतिथि सुधार अधिकार नहीं है. अदालत ने दोनों अपील याचिकाओं को खारिज करते हुए एकलपीठ के आदेश को सही ठहराया.

